an>

Title: Regarding widening of National Highway No.75 in Satna Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग के माननीय मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश के बहुत महत्वपूर्ण सड़क की ओर आकृष्ट करा रहा हूँ।

मध्य प्रदेश के अत्यंत पिछड़े क्षेत्र बुंदेलखण्ड तथा विन्ध्य क्षेत्र के छतरपुर, पन्ना, सतना, सीधी, सिंगरौली जिले से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 निकलता है। सड़क के चौड़ीकरण का कार्य स्वीकृत है, किंतु कार्य बंद है, लोग धूल खा कर बीमार पड़ रहे हैं।

मैं भूतल परिवहन मंत्री जी का ध्यान उक्त सड़क का कार्य तत्काल चालू कराने तथा सतना शहर, माधवगढ़, सज्जनपुर, रामपुर में मूल सड़क की जर्जर हालत की ओर आकृष्ट करा रहा हूँ। बायपास स्वीकृत है, किंतु कार्य अधूरा पड़ा है। शहर के अंदर की सड़क गढ्ढों में तब्दील हो चुकी है, उसकी मरम्मत की जवाबदारी राष्ट्रीय राजमार्ग की ही है। उनकी मरम्मत का एक प्रस्ताव राज्य शासन ने मंत्रालय को भेजा है। कृपया उसकी अविलंब स्वीकृति दिलाने का कष्ट करें।

इसके अलावा भी मध्य प्रदेश सरकार ने 7 राजमार्गों को प्रथम चरण में 3644 किलो मीटर तथा द्वितीय चरण में 3 राज्यमार्गों को 1466 किलो मीटर को नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल किया है। मेरे क्षेत्र की दमोह से हटा, सेमरिया, पवई, जसो, नागौद, सिंहपुर, कोठी, जैतवारा, मेहुती, कोटर, सेमरिया, सिरमौर, जवा, सूती, शंकरगढ़ से इलाहाबाद को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने की मांग करता हूँ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh are permitted to associate with the issue raised by Shri Ganesh Singh.